मंगलवार
14 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 70 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रुट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

## हरनौत के मुशहरी गांव में खेत से बम बरामद, इलाके में फैली सनसनी





हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत प्रखंड के चेरो ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत डिहरी पंचायत के मुशहरी गांव में सोमवार की शाम खेत में बम मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार शाम करीब चार बजे गांव के पश्चिम दिशा स्थित गेहूं के खेत में एक डिब्बे के अंदर चार-पांच बम रखे होने की सूचना मिली। बम मिलने की खबर फैलते ही ग्रामीणों के बीच कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सैकड़ों लोग घटनास्थल के आसपास जमा हो गए।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शाम के समय कुछ किसान गेहूं की कटाई के लिए खेत में पहुंचे थे। इसी दौरान खेत के बीच एक डिब्बा पड़ा दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर उसमें बम जैसा संदिग्ध वस्तु दिखाई दिया, जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना चेरो ओपी थाना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही चेरो ओपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को सुरक्षा के घेरे में ले लिया। पुलिस ने ग्रामीणों को घटनास्थल सेदूर रहने की हिदायत दी तथा क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी।

चेरो ओपी थाना प्रभारी रौशन कुमार ने बताया कि जिस स्थान पर बम मिलने की सूचना मिली है, उसे सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस द्वारा घेराबंदी कर सुरक्षित कर लिया गया है। साथ ही मामले की सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारियों को दे दी गई है। पुलिस टीम पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और बम किसने और किस उद्देश्य से वहां रखा, इसकी पड़ताल की जा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस सतर्कता बरत रही है

## राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए नालंदा के खिलाड़ियों का हुआ चयन



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राज्य स्तरीय सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता 2026 में भाग लेने के लिए नालंदा जिला के प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन सोमवार को किया गया। चयनित खिलाड़ी आगामी 16 अप्रैल से 19 अप्रैल 2026 तक पटना में आयोजित होने वाली बिहार राज्य सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मासूम हसन ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन उनके हालिया प्रदर्शन और अभ्यास के आधार पर किया गया है। उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ी लगातार अभ्यास कर रहे हैं और उम्मीद है कि वे राज्य स्तर की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे।

उन्होंने बताया कि अंडर 13 सिंगल वर्ग में आदर्श कुमार और अमृत शरण का चयन किया गया है। वहीं अंडर 13 डबल वर्ग में आदर्श कुमार एवं अमृत शरण की जोड़ी जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इसी प्रकार अंडर 15 सिंगल वर्ग में मो. सुफियान रब्बानी और फवाज खान को टीम में शामिल किया गया है। अंडर 15 डबल वर्ग में मो. सुफियान रब्बानी और फवाज खान की जोड़ी को चुना गया है।

जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संघ के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, सचिव मासूम हसन तथा सदस्य साहिल सक्सेना ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नालंदा जिले में बैडमिंटन खेल के प्रति युवाओं में लगातार रुचि बढ़ रही है और आने वाले समय में यहां से कई प्रतिभाएं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगी।

## जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति तेज करने के दिए निर्देश




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नालंदा ने जानकारी दी है कि जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से जुड़े मृत पेंशनधारियों को चिन्हित कर ई-लाभार्थी पोर्टल के डाटाबेस को अद्यतन करने के उद्देश्य से कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण का कार्य 22 दिसंबर 2025 से चल रहा है।

बताया गया कि अब तक जिले में लगभग 70 प्रतिशत पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण किया जा चुका है। हालांकि शत-प्रतिशत जीवन प्रमाणीकरण नहीं होने के कारण कई पेंशनधारियों का भुगतान बाधित हो रहा है।

सहायक निदेशक ने बताया कि जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया प्रत्येक पंचायत स्तर पर स्थित कॉमन सर्विस सेंटर तथा प्रखंड मुख्यालयों में लगातार की जा रही है। इसके माध्यम से पेंशनधारियों की पहचान सुनिश्चित कर ई-लाभार्थी पोर्टल में सही जानकारी अद्यतन की जा रही है।

उन्होंने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से अपील की है कि जिनका अब तक जीवन प्रमाणीकरण नहीं हुआ है, वे जल्द से जल्द अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर या प्रखंड कार्यालय में जाकर निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण करवा लें, ताकि उनका पेंशन भुगतान बाधित न हो।

## गर्मी और लू के खतरे को देखते राजगीर जू व नेचर सफारी का समय बदला


अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ। राजगीर में बढ़ती गर्मी और लू की संभावना को देखते हुए जू सफारी और नेचर सफारी के संचालन समय में बदलाव किया गया है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 15 अप्रैल 2026 से अगले आदेश तक सफारी का संचालन सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक ही किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में राजगीर का अधिकतम तापमान करीब 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं बिहार मौसम सेवा केंद्र ने आने वाले दिनों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने और सामान्य से अधिक गर्मी रहने की संभावना जताई है। दोपहर के समय तेज धूप और लू चलने की आशंका के कारण पर्यटकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

इसी को ध्यान में रखते हुए जू सफारी और नेचर सफारी के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। अब पर्यटकों के लिए प्रवेश की सुविधा केवल सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित स्लॉट में ही उपलब्ध रहेगी। इसके बाद पर्यटकों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।इसके अलावा प्रायोरिटी पैकेज के संचालन में भी बदलाव किया गया है। अब प्रायोरिटी पैकेज का संचालन केवल एक ही स्लॉट में सुबह 7 बजे से किया जाएगा।

प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे तय समय के अनुसार ही सफारी का आनंद लेने पहुंचें और गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें। इस व्यवस्था का उद्देश्य पर्यटकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सुविधाजनक पर्यटन व्यवस्था बनाए रखना है।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# भाजपा कार्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना



संजय कुमार


बिहारशरीफ। भारतीय जनता पार्टी, नालंदा जिला कार्यालय में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव संबोधन को सैकड़ों महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं ने एक साथ सुना। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश नेत्री सुषमा शाहू, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार तथा पटना की नमो ऐप जिला संयोजिका नेहा पोद्दार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश नेत्री सुषमा शाहू ने कहा कि यह अवसर देश के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण विधेयक को सितंबर 2023 में पारित कर महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने का मार्ग प्रशस्त किया गया। उन्होंने कहा कि जब यह कानून पूरी तरह लागू होगा तो संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ेगी। इससे लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा और देश के विकास में महिलाओं की भूमिका और प्रभावशाली बनेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार कार्य किया है। इन योजनाओं का लाभ देश की करोड़ों महिलाओं को मिला है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, साबो देवी, डॉ. अशुतोष कुमार, अमरेश कुमार, रंजू कुमारी, प्रवीण सिंह, रूचि श्रीवास्तव, रीना कुमारी, सोनू कुमार हिंदू, प्रणव सिन्हा, जयराम कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित











Kalope
HOMES
All-in-One Home Solution
Luxury Interior with RealPlast UPVC
Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance
Material Partner: REAL PLAST
RealPlast UPVC is a next-generation interior material
that combines strength, safety, and luxury design.
Modular Kitchen
Cabinets, shutters, drawers
TV Unit & Wall Panels
Modern design, storage
Wardrobes & Closets
Sliding, swing, loft, drawers
Bathroom Vanities
Waterproof & hygienic
+91 74887 06578
www.kalopehomes.com
Patna, Bihar

# ‘तकनीक के माध्यम से जनजातीय परिवर्तन’ पर राष्ट्रीय सम्मेलन में नालंदा की सहभागिता




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।राष्ट्रीय नीति एवं विकास से जुड़े विमर्शों में अपनी सतत भागीदारी के क्रम में नालंदा विश्वविद्यालय ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता की। “तकनीक और विज्ञान के जरिए जनजातीय भारत का परिवर्तन– अवसर, आकांक्षाएं, रास्ते” विषयक इस सम्मेलन का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति डॉ. सी. पी. राधाकृष्णन ने किया। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच (NECTAR) एवं दून संस्कृति स्कूल, देहरादून के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने “आजीविका, उद्यमिता और समुदाय सशक्तिकरण के लिए तकनीक” नामक महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता की। इस सत्र में डॉ. अरुण कुमार शर्मा (NECTAR के महानिदेशक), प्रो. अमेय करकरे और प्रो. अनुराग पांडे (आईआईटी कानपुर), तथा मणिपुर के उद्यमी श्री एन. इराबंता सिंह जैसे प्रमुख विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। चर्चा का फोकस तकनीक आधारित आजीविका और समुदाय सशक्तिकरण के रास्तों पर रहा।

अपने संबोधन में प्रोफेसर चतुर्वेदी ने जोर दिया कि वित्तीय समावेशन के लिए ऐसी डिजिटल बुनियादी ढांचे की जरूरत है जो बिना इंटरनेट या बिजली के भी काम कर सके। यह दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम जन धन योजना का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ाव इसका दायरा और प्रभाव लगातार बढ़ाएगा।

नालंदा विश्वविद्यालय ज्ञान, तकनीक और समावेशी विकास को जोड़ने वाली चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# विद्यालय परिभ्रमण के तहत हरगामा के छात्रों ने आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर का किया शैक्षणिक भ्रमण




संजय कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सोमवार को आर जी एल उच्च विद्यालय छबीलापुर, बिहारशरीफ में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय हरगामा के छात्र-छात्राओं का विद्यालय परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या सुषमा कुमारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस दौरान हरगामा विद्यालय के शिक्षक विकास कुमार, मोहम्मद अफजाल, नाजिया अली, इंदु कुमारी, ममता कुमारी, नूतन कुमारी, प्रिया कुमारी एवं अंजू कुमारी छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय पहुंचे।परिभ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आर जी एल उच्च विद्यालय छबीलापुर की स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, प्रयोगशाला सहित विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन किया और वहां की शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित हुए। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राएं खुशी कुमारी, भारती कुमारी, मनीषा कुमारी तथा छात्र अंकित कुमार, नीतीश कुमारसहित अन्य विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में मेंटोर शिक्षक अजय कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य, कुंज बिहारीऔर कुंजेश ने आगंतुक शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ट्विनिंग विद्यालय की इस पहल से विद्यार्थियों को एक-दूसरे के शैक्षणिक वातावरण को समझने और नई जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलता है। अजय कुमार ने बताया कि भविष्य में संयुक्त परिभ्रमण के साथ क्विज, निबंध, वाद-विवाद, रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों को एक-दूसरे से सीखने का अवसर दिया जाएगा।इस मौके पर संगीत शिक्षिका राखी कुमारी एवं सोनल साकची ने आगंतुक बच्चों को संगीत से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम में अशोक कुमार, जैनेंद्र कुमार, संजीत कुमार, सुजीत कुमार, सुरजीत कुमार, सीमा कुमारी, कल्पना, रेखा, शंकर कुमार, लाइब्रेरियन मोहम्मद आफताब आलम, धीरज कुमार, राकेश कुमार, सूरज नारायण तथा हिंदी शिक्षक अजय कुमार सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्या सुषमा कुमारी ने सभी छात्र-छात्राओं का विशेष ध्यान रखते हुए उनके लिए जलपान की व्यवस्था भी कराई।












# थरथरी में शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 100 लीटर देशी शराब बरामद





थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने करीब 500 लीटर देशी शराब को विनष्ट किया और इसके बाद कार्रवाई के दौरान एक आल्टो कार से 100 लीटर देशी शराब भी बरामद की गई।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहले इलाके में जब्त की गई करीब 500 लीटर देशी शराब को नियमानुसार नष्ट किया। इसके बाद पुलिस टीम वापस लौट रही थी। इसी दौरान वलवापर गांव के पास पुलिस को एक संदिग्ध आल्टो कार दिखाई दी। पुलिस वाहन को देखते ही कार में सवार चालक समेत चार लोग घबरा गए और गाड़ी छोड़कर पास के मकई के खेत की ओर भाग निकले। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर कार की तलाशी ली। तलाशी केदौरान पारदर्शी पॉलिथीन में 20-20 लीटर के पांच पैकेट बनाकर बोरी में रखी गई करीब 100 लीटर देशी शराब बरामद की गई।

हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बरामद शराब और वाहन को जब्त कर लिया है।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान को और तेज किया जाएगा तथा इस धंधे में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।












# सांप के काटने से युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर पंचायत अंतर्गत कैलाशपुरी गांव में सांप के काटने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार कैलाशपुरी गांव निवासी कमिन्द्र जमादार का पुत्र अर्जुन कुमार अपने घर में दिन के समय सोया हुआ था। इसी दौरान किसी विषैले सर्प ने उसे सोते अवस्था में डस लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई।परिजन आनन-फानन में अर्जुन कुमार को इलाज के लिए इस्लामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान



उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

युवक की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में भी घटना के बाद शोक का माहौल बना हुआ है।

# 65 वर्षीय रामवृक्ष पासवान लापता, परिजन तलाश में जुटे

बिहारशरीफ। दीपनगर थाना क्षेत्र के कोसुक गांव निवासी 65 वर्षीय रामवृक्ष पासवान के लापता होने से परिजनों में चिंता बढ़ गई है। परिजन उनकी तलाश में जुटे हुए हैं।रामवृक्ष पासवान के पुत्र मोहन पासवान ने बताया कि उनके पिता रविवार से घर से लापता हैं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका है। इसके बाद मामले की सूचना स्थानीय थाना को दे दी गई है।








## संपादकीय

जे पी चौधरी



# आंबेडकर को याद करना नहीं, उनके विचारों को अपनाना जरूरी

हर साल 14 अप्रैल को देशभर में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है। मंच सजते हैं, भाषण होते हैं, मूर्तियों पर माल्यार्पण किया जाता है और सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलियों की भरमार हो जाती है। लेकिन हर बार एक सवाल भी उठता है—क्या हमने सच में बाबा साहब के विचारों को समझा है या उन्हें केवल एक प्रतीक बनाकर सीमित कर दिया है?

आज लगभग हर राजनीतिक दल बाबा साहब का नाम लेता है, उनके चित्र और मूर्तियों पर फूल चढ़ाता है, लेकिन उनके विचारों को व्यवहार में लागू करने में अक्सर पीछे रह जाता है। भीमराव आंबेडकर को अक्सर केवल संविधान निर्माता के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जबकि उनका व्यक्तित्व इससे कहीं अधिक व्यापक और क्रांतिकारी था।

बहुत कम लोग जानते हैं कि बाबा साहब एक उच्च कोटि के अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र का गहन अध्ययन किया था। उनकी प्रसिद्ध थीसिस "द प्रॉब्लम ऑफ द रूपी" भारतीय मुद्रा नीति के लिए आज भी महत्वपूर्ण मानी जाती है। इतना ही नहीं, भारतीय रिजर्व बैंक जैसी संस्था की अवधारणा में भी उनके विचारों का योगदान माना जाता है।

बाबा साहब केवल सामाजिक न्याय के ही नहीं, बल्कि भारत के औद्योगिक और आर्थिक विकास के भी बड़े योजनाकार थे। दामोदर घाटी परियोजना और हिराकुंड बांध जैसी योजनाओं की परिकल्पना में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने जल, ऊर्जा और औद्योगिकीकरण के महत्व को बहुत पहले समझ लिया था।

महिलाओं के अधिकारों के क्षेत्र में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति, विवाह और तलाक में समान अधिकार देने का प्रयास किया। हालांकि उस समय इसका इतना विरोध हुआ कि उन्हें कानून मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। यह घटना बताती है कि आंबेडकर केवल दलितों के नेता नहीं थे, बल्कि हर शोषित वर्ग की आवाज थे।

1956 में उनका बौद्ध धर्म ग्रहण करना केवल धार्मिक परिवर्तन नहीं था, बल्कि एक सामाजिक क्रांति थी। उन्होंने लाखों लोगों को समानता और सम्मान की नई पहचान दी। उन्होंने बौद्ध धर्म को भी सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से नया रूप दिया, जिसे नवयान बौद्ध धर्म कहा जाता है।

आंबेडकर के विचारों का एक महत्वपूर्ण पक्ष शिक्षा है। उनका प्रसिद्ध संदेश—"शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो"—आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उनका मानना था कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो समाज में वास्तविक परिवर्तन ला सकती है।

उन्होंने राष्ट्रवाद की भी एक अलग परिभाषा दी। उनके अनुसार एक सच्चा राष्ट्र वही होता है, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार और सम्मान मिले। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि सामाजिक और आर्थिक असमानता बनी रही, तो राजनीतिक लोकतंत्र भी कमजोर पड़ सकता है।

आज की स्थिति यह है कि हर कोई कहता है कि वह आंबेडकर के रास्ते पर चल रहा है, लेकिन यदि सच में ऐसा होता तो समाज में इतनी असमानता और भेदभाव क्यों दिखाई देता? मूर्तियों पर फूल चढ़ाना आसान है, लेकिन उनके विचारों को अपनाना कठिन है।

डॉ. आंबेडकर का जीवन एक अधूरी क्रांति की कहानी है। उन्होंने सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय का जो सपना देखा था, वह आज भी पूरी तरह साकार नहीं हो पाया है। जरूरत इस बात की है कि हम उन्हें केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व के रूप में न देखें, बल्कि उनके विचारों को अपने जीवन और समाज में लागू करें। तभी बाबा साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनीं जन समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। विभागीय निर्देश के अनुसार जिले के सभी तकनीकी एवं गैर-तकनीकी कार्यालयों, विभागों, शाखाओं तथा इकाइयों में शुक्रवार के साथ-साथ अब प्रत्येक सोमवार को भी जनता दरबार आयोजित कर आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया।

इस दौरान अपर समाहर्ता (राजस्व) अनिल कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। जनता दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे। जिला पदाधिकारी ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई कर समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया।

जनता दरबार में मुख्य रूप से एलपीजी आपूर्ति, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज सहित कई मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने इन मामलों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए आम लोगों को राहत देने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, रोहित कुमार मिश्रा, सहायक निदेशक पूनम कुमारी, वरीय उप समाहर्ता होमा इरफान सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी जनता दरबार में उपस्थित रहे।

# शादी के मौसम में कमर्शियल गैस की मांग बढ़ी, प्रशासन ने जारी की नई व्यवस्था




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में इन दिनों शादी-विवाह के लग्न शुरू होने के साथ ही गैस सिलेंडर की मांग में तेजी देखी जा रही है। शादी समारोहों के लिए गैस सिलेंडर की आवश्यकता बढ़ने के कारण अनुमंडल पदाधिकारी और आपूर्ति विभाग के पास आवेदनों की संख्या बढ़ गई है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी होमा इरफान ने गैस वितरक एजेंसियों तथा सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यकतानुसार ही गैस बुकिंग करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला नियंत्रण कक्ष से तत्काल संपर्क किया जाए। बताया गया कि वर्तमान में गैस आपूर्ति अवधि घटकर 3.85 हो गई है, जिससे वितरण व्यवस्था को संतुलित रखने का प्रयास किया जा रहा है।

जिले में गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है। अब तक जिले में कुल 341 स्थानों पर छापेमारी की जा चुकी है, जबकि मंगलवार को भी 15 स्थानों पर निरीक्षण किया गया। जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06114-223013 पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। आज प्राप्त तीन शिकायतों का भी तुरंत निपटारा कर दिया गया।

अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह ने शादी समारोह आयोजित करने वाले परिवारों से अपील की है कि वे विवाह तिथि से 5 से 7 दिन पहले शादी का कार्ड और संभावित मेहमानों की संख्या के साथ कमर्शियल गैस की आवश्यकता का आवेदन अनुमंडल कार्यालय में जमा करें। अभी तक ऐसे 46 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका आकलन कर जल्द ही निष्पादन किया जाएगा। प्रशासन ने आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने की बात कही है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए जीवन प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य, प्रशासन की अपील

बिहारशरीफ। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नालंदा ने जानकारी दी है कि जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से जुड़े मृत पेंशनधारियों को चिन्हित कर ई-लाभार्थी पोर्टल के डाटाबेस को अद्यतन करने के उद्देश्य से कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण का कार्य 22 दिसंबर 2025 से चल रहा है।बताया गया कि अब तक जिले में लगभग 70 प्रतिशत पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण किया जा चुका है। हालांकि शत-प्रतिशत जीवन प्रमाणीकरण नहीं होने के कारण कई पेंशनधारियों का भुगतान बाधित हो रहा है।

सहायक निदेशक ने बताया कि जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया प्रत्येक पंचायत स्तर पर स्थित कॉमन सर्विस सेंटर तथा प्रखंड मुख्यालयों में लगातार की जा रही है। इसके माध्यम से पेंशनधारियों की पहचान सुनिश्चित कर ई-लाभार्थी पोर्टल में सही जानकारी अद्यतन की जा रही है।

उन्होंने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से अपील की है कि जिनका अब तक जीवन प्रमाणीकरण नहीं हुआ है, वे जल्द से जल्द अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर या प्रखंड कार्यालय में जाकर निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण करवा लें, ताकि उनका पेंशन भुगतान बाधित न हो।

# प्रगति आनंद का संकल्प — आर्थिक तंगी के कारण कोई भी लड़की शिक्षा से वंचित नहीं रहे, एक वर्ष तक नि:शुल्क पढ़ाई



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 32 वर्षों से लगातार सक्रिय रहकर विद्यार्थियों को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर प्रगति आनंद आज भी अपने मिशन के साथ पूरी लगन और समर्पण के साथ काम कर रही हैं। उनका स्पष्ट सपना है कि कोई भी लड़की आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे और हर बेटी पढ़-लिखकर जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल करे। इसी उद्देश्य को लेकर वे वर्षों से छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देती आ रही हैं।

प्रगति आनंद वर्तमान में बिहारशरीफ के कांटा पर स्थित आनंद कुंज परिसर, श्री कृष्णा पैलेस के पीछे अपने संस्थान प्रगति आईकॉनिक क्लासेस का संचालन कर रही हैं। वर्ष 2022 से संचालित इस संस्थान में छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से वे पूरी निष्ठा के साथ इस मिशन में जुड़ी हुई हैं।

प्रगति आनंद ने बताया कि उन्होंने करीब सात वर्षों तक मालती बीएड कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में अध्यापन का कार्य किया। इस दौरान और उसके बाद अब तक उनके मार्गदर्शन में पढ़े लगभग डेढ़ हजार से अधिक छात्र-छात्राएं विभिन्न सरकारी विद्यालयों में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। इसके अलावा उनके कई छात्र-छात्राएं बीपीएससी, बैंक पीओ समेत विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित होकर अपने परिवार और संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं।

इसी क्रम में पूर्व केंद्रीय इस्पात मंत्री एवं पूर्व वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रामचंद्र प्रसाद सिंह उर्फ आरसीपी सिंह भी हाल ही में प्रगति आईकॉनिक क्लासेस पहुंचे। उन्होंने संस्थान की गतिविधियों और यहां संचालित पढ़ाई की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर प्रगति आनंद ने उन्हें अपने मिशन के बारे में बताया कि उनका लक्ष्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियां भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ सकें।

आरसीपी सिंह ने प्रगति आनंद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यदि किसी के मन में सच्ची लगन और दृढ़ संकल्प हो तो मंजिल दूर नहीं रहती। उन्होंने अपने प्रशासनिक अनुभव साझा करते हुए प्रगति आनंद और उनकी टीम को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

इसके पूर्व संस्थान पहुंचने पर आरसीपी सिंह को प्रगति आनंद ने माला तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

प्रगति आनंद ने बताया कि उनके संस्थान में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से कक्षाएं संचालित की जाती हैं। यहां संघ लोक सेवा आयोग, बिहार लोक सेवा आयोग, दरोगा, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। इसके साथ ही शिक्षण से जुड़ी परीक्षाओं जैसे बीपीएससी शिक्षक भर्ती, सीटेट, स्टेट, यूजीसी नेट आदि की भी विशेष तैयारी कराई जाती है। सामान्य ज्ञान, सामान्य अध्ययन, समसामयिक घटनाएं, गणित और रीजनिंग के साथ-साथ कक्षा एक से बारहवीं तक की एनसीईआरटी आधारित पढ़ाई भी कराई जाती है।

उन्होंने बताया कि प्रगति डोर स्टेप एजुकेशन कार्यक्रम के तहत रीजनिंग के साथ आठवीं से बारहवीं तक की एनसीईआरटी आधारित पढ़ाई कराई जाती है।छात्राओं की शिक्षा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अंतर्गत एक वर्ष तक सभी लड़कियों को निशुल्क शिक्षा देने का निर्णय लिया गया है ताकि आर्थिक कठिनाइयों के कारण कोई भी बेटी पढ़ाई से वंचित न रह जाए।

प्रगति आनंद ने कहा कि उन्हें सबसे अधिक खुशी तब मिलती है जब उनके छात्र-छात्राएं मेहनत के बल पर उच्च पदों तक पहुंचते हैं और समाज में अपनी पहचान बनाते हैं।

इस अवसर पर डॉ. विपिन कुमार यादव, संजय कुमार सिन्हा, खुशबू सिन्हा, सुलेखा कुमारी, विपिन कुमार, बबलू गुप्ता, श्रवण शर्मा, रवि नंदन प्रसाद सिन्हा, अरविंद कुमार सिन्हा, गौरव पंडित, चिंटू साव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



# अंडर-16 वनडे ट्रॉफी में नालंदा की शानदार जीत, शेखपुरा को सात विकेट से हराया

विजय प्रकाश उर्फ पिंटू



बिहारशरीफ। पावापुरी के खेल मैदान में सोमवार को नालंदा जिला क्रिकेट संघ की मेजबानी में बिहार क्रिकेट संघ के घरेलू सत्र 2025-26 बीसीए मेंस अंडर-16 वनडे ट्रॉफी मगध जोन का तीसरा मुकाबला नालंदा और शेखपुरा के बीच खेला गया। इस मैच में नालंदा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शेखपुरा को सात विकेट से पराजित कर एकतरफा जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शेखपुरा की टीम 50 ओवर के मैच में मात्र 30.5 ओवर में 112 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। शेखपुरा की ओर से केशव ने 28 रन, अंश ने 18 रन, अंकेश ने 21 रन और आकाश ने 10 रन का योगदान दिया।

नालंदा की ओर से कप्तान मोहम्मद समीर ने घातक गेंदबाजी करते हुए शेखपुरा की बल्लेबाजी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। उन्होंने 26 रन खर्च कर छह विकेट अपने नाम किए। वहीं शिवम ने 20 रन देकर दो विकेट झटके, जबकि वेदांत और शशिकांत ने एक-एक विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी नालंदा की टीम ने मात्र 15 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। नालंदा के विकेटकीपर बल्लेबाज राजगुरु ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 15 चौकों की मदद से नाबाद 87 रन की पारी खेली। प्रियांशु ने 14 रन का योगदान दिया।शेखपुरा की ओर से आकाश और अंकेश ने एक-एक विकेट लिया। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नालंदा के कप्तान मोहम्मद समीर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन नालंदा के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, सचिव गोपाल कुमार सिंह, पूर्व सचिव सैयद मोहम्मद जावेद इकबाल, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, संयुक्त सचिव संजीव कुमार, गंगा प्रसाद, डॉ. संजय, संतोष पांडेय, हैदर अली, सिद्धार्थ कुमार बाबा, विक्रम सोलंकी और परवेज मुस्तफा समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर नगर निकाय कर्मियों का प्रदर्शन, स्थायीकरण व समान वेतन की उठाई मांग



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सोमवार को नालंदा जिले के नगर निकाय कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर बिहारशरीफ में जोरदार प्रदर्शन किया। जिले के विभिन्न नगर निकायों से पहुंचे कर्मचारियों ने रैली निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।प्रदर्शन में निगम कामगार यूनियन के साथ इस्लामपुर, हरनौत, एकंगरसराय, गिरियक तथा अस्थावां नगर पंचायत के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कर्मियों ने कहा कि वे वर्षों से अस्थायी व्यवस्था और कम वेतन पर काम कर रहे हैं, जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि उन्हें स्थायी किया जाए, ठेका प्रथा को समाप्त किया जाए तथा समान काम के लिए समान वेतन लागू किया जाए।

कर्मचारियों का कहना था कि नगर निकायों में सफाई, जलापूर्ति और अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं का दायित्व उन्हीं के कंधों पर है, फिर भी उन्हें उचित मानदेय और सेवा सुरक्षा नहीं मिल रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं करती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस मौके पर मनोज रविदास, महेश दास, शांति देवी, सुनील डोम, बबलू डोम सहित जिले के विभिन्न नगर निकायों के कई कर्मचारी उपस्थित रहे और अपनी मांगों को मजबूती से रखा। कर्मचारियों के इस प्रदर्शन को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा।

# नालंदा में एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य, कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि नालंदा जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर नियमित आपूर्ति की जा रही है। तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 9040 घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करते हुए जिले का बैकलॉग 4.0 से घटाकर 2 से 3 के बीच लाने का निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने बताया कि खरमास समाप्त होने के बाद विवाह सहित अन्य कार्यक्रमों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए वाणिज्यिक गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए कैटरर्स या रसोइयों को वाणिज्यिक गैस के लिए पंजीकरण कराना होगा। वहीं जिस परिवार में विवाह कार्यक्रम होगा, वह शादी का कार्ड संलग्न कर अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर आवश्यक वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की मांग कर सकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में पीएनजी पाइपलाइन का विस्तार किया जा रहा है। अब तक 1705 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1541 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन दिया जा चुका है।

एलपीजी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोलफ्री नंबर 06112-233168) संचालित है। जिलाधिकारी ने लोगों से गैस सिलेंडर की जमाखोरी या कालाबाजारी की सूचना देने की अपील की है।

# प्लास्टिक विरोधी अभियान में नगर निगम की छापेमारी, जनरेटर जब्ती को लेकर बढ़ा विवाद



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ शहर के गगन दीवान इलाके में प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत नगर निगम की छापेमारी के बाद विवाद खड़ा हो गया है। नगर निगम की टीम ने छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में प्लास्टिक जब्त करने के साथ एक जनरेटर को भी कब्जे में ले लिया, जिसके बाद मैरिज हॉल संचालक ने कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।

जानकारी के अनुसार नगर निगम की टीम उप नगर आयुक्त शम्स रजा के नेतृत्व में शहर में अतिक्रमण हटाने और प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चला रही थी। इसी दौरान गगन दीवान क्षेत्र में एक बंद कमरे पर टीम को संदेह हुआ। अधिकारियों द्वारा दरवाजा खोलने को कहे जाने पर मालिक ने मना कर दिया। इसके बाद नगर निगम की टीम ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया। जांच के दौरान कमरे के अंदर बड़ी मात्रा में प्लास्टिक का जखीरा मिला, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। साथ ही वहां अतिक्रमण कर लगाए गए एक जनरेटर को भी जब्त कर लिया गया।

इस कार्रवाई के बाद मैरिज हॉल के संचालक



मोहम्मद सादिब ने आरोप लगाया कि बिनाकिसी पूर्व सूचना या नोटिस के उनका जनरेटर जब्त किया गया, जो पूरी तरह गलत है। उनका कहना है कि उन्हें पहले कोई जानकारी नहीं दी गई और सीधे कार्रवाई कर दी गई।

बताया जाता है कि इससे पहले भी उप नगर आयुक्त शम्स रजा की अगुवाई में की गई कार्रवाई को लेकर विवाद सामने आ चुका है। मामले में प्रतिक्रिया के लिए संपर्क करने पर उप नगर आयुक्त ने फोन नहीं उठाया, जबकि नगर आयुक्त निशांत कुमार विवेक ने भी इस पर ऑन कैमरा टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। फिलहाल यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# चंडी में धूमधाम से मनाई जाएगी बाबा साहेब आंबेडकर जयंती, निकलेगा भव्य जुलूस



चितरंजन कुमार

चंडी(अपना नालंदा)। नगर पंचायत चंडी स्थित बजरंग स्थान में सोमवार की शाम डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने को लेकर एक सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और 14 अप्रैल को जयंती समारोह को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए निर्णय लिया कि इस वर्ष बाबा साहेब की जयंती पूरे उत्साह और जोश के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम के तहत ढोल-नगाड़ों के साथ हाथी और घोड़े के साथ नगर पंचायत क्षेत्र में भव्य जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आंबेडकर पटेल पार्क तक पहुंचेगा, जहां कार्यक्रम का समापन होगा।आंबेडकर चेतना मंच के अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद ने बताया कि बाबा साहेब की जयंती को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सामाजिक समरसता और बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। जयंती समारोह में लगभग पांच हजार से अधिक लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मातृशक्ति की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी और जयंती को लेकर क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

बैठक में अर्जुन प्रसाद यादव, भूषण पासवान, कृष्ण पासवान, मुन्ना चंद्रवंशी, ओंकार कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वच्छता नियमों का पालन नहीं करने पर लगेगा जुर्माना: कार्यपालक पदाधिकारी




चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। स्वच्छ भारत मिशन को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से नगर पंचायत चंडी की कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी ने नगर क्षेत्र के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण आम सूचना जारी की है। इस सूचना के माध्यम से सभी लोगों को स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

जारी सूचना में बताया गया है कि नगर पंचायत चंडी को पूर्ण रूप से ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त) घोषित किया जा चुका है। ऐसे में नगर क्षेत्र में खुले में शौच या मूत्र त्याग करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके साथ ही "मैनुअल स्कैवेंजर्स का नियोजन एवं उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013" के तहत सीवर और सेप्टिक टैंक की मैनुअल सफाई पर भी पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है।नगर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, बिक्री और फेंकने पर भी प्रतिबंध लागू है। नागरिकों को निर्देश दिया गया है कि वे गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग कर नगर पंचायत की कचरा गाड़ी में ही डालें। इसके अलावा सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर पशुओं को बांधना या छोड़ना तथा इधर-उधर कूड़ा-कचरा फेंकना भी पूरी तरह निषिद्ध है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ औचक निरीक्षण के दौरान तत्काल जुर्माना लगाया जाएगा और आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी ने नगरवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता नियमों का पालन कर नगर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में सहयोग करें।

## नेहुसा में बाबा चौहरमल वार्षिक महोत्सव संपन्न, सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया समापन



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के नेहुसा गांव में श्री श्री 108 बाबा चौहरमल स्मारक समिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय बाबा चौहरमल वार्षिक महोत्सव एवं मेला सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा चौहरमल ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया और लोगों को न्याय तथा समानता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित करें, ताकि वे गलत मार्ग पर न जाएं।

समिति के अध्यक्ष विजय पासवान ने बताया कि दो दिवसीय मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ नाट्य मंचन और मनोरंजन के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दुगोला कार्यक्रम में झारखंड से आए प्रसिद्ध गायक संजय व्यास, नालंदा जिले के रहुई प्रखंड से श्रवण व्यास, पटना से उमेश व्यास तथा दिनेश व्यास ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। मेला परिसर में विभिन्न प्रकार के झूले, श्रृंगार सामग्री की दुकानें और मिठाई की दुकानें सजी थीं, जहां युवक-युवतियों के साथ-साथ परिवार के लोगों ने मेले का भरपूर आनंद उठाया।

मेले के दौरान दि ग्रेट बिहारी विदेशिया नाट्य पार्टी द्वारा नाट्य प्रस्तुतियां भी की गईं। नाट्य पार्टी के प्रोप्राइटर बखोरी राय ने बताया कि पहले दिन 'आल्हा-उदल' तथा दूसरे दिन 'रेशमा-चौहरमल' नाटक का मंचन किया गया। कलाकारों ने समाज में फैली कुरीतियों को मंचन के माध्यम से दर्शाया, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम के दौरान हास्य-व्यंग्य और फिल्मी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति ने भी लोगों को खूब मनोरंजन किया।

इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष रविकांत कुमार, जदयू पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार, पूर्व मुखिया धनश्याम सिंह, पंचायत समिति सदस्य राजकिशोर पासवान, विजेंद्र वर्णणाला, लक्ष्मण पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं दर्शक उपस्थित रहे।

## हरनौत में तेजी से फल-फूल रहा देह व्यापार का धंधा

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार क्षेत्र में इन दिनों देह व्यापार के फैलने की चर्चा जोरों पर है। बताया जा रहा है कि खुलेआम नहीं बल्कि चोरी-छिपे इस तरह का कारोबार चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ बिचौलियों और बाहरी लोगों की मिलीभगत से यह धंधा संचालित हो रहा है। इसको लेकर क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो इसका असर युवाओं और समाज पर पड़ सकता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस तरह की गतिविधियों से एड्स जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है। हालांकि इस संबंध में हरनौत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि फिलहाल हरनौत क्षेत्र में एड्स जैसी संक्रामक बीमारी से पीड़ित किसी मरीज की पुष्टि नहीं हुई है।इधर सोमवार की सुबह करीब सवा नौ बजे बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड स्थित हरनौत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर अचानक मारपीट की घटना से अफरा-तफरी मच गई। स्टेशन मास्टर कार्यालय के पास थप्पड़ और गाली-गलौज की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई।बताया गया कि एक युवक ने एक नाबालिग को यह आरोप लगाते हुए मारपीट कर दी कि उसने उसके परिवार की महिला के साथ फोटो और वीडियो बनाया है। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवान मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को स्टेशन मास्टर कार्यालय ले गए।जानकारी के अनुसार मारपीट करने वाला युवक चेरो ओपी क्षेत्र के निवासी उमेश राम का पुत्र बताया जा रहा है, जबकि मार खाने वाला नाबालिग बस्ती गांव निवासी उमेश महतो का पुत्र है। नाबालिग ने बताया कि वह स्टेशन पर सामान लेने आया था, तभी उस पर फोटो खींचने का आरोप लगाकर मारपीट की गई।आरपीएफ थाना बख्तियारपुर के इंस्पेक्टर जवाहरलाल ने बताया कि इस मामले की उन्हें औपचारिक जानकारी नहीं मिली है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षकों के आवास भत्ता भुगतान में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ। नालंदा जिले में शिक्षकों को दिए जाने वाले एचआर (आवास भत्ता) के भुगतान में कथित गड़बड़ी को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस संबंध में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (नालंदा) के जिलाध्यक्ष ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) आनन्द विजय के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की जांच कर मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई है।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई शिक्षकों ने उन्हें शिकायत की कि शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निर्देश के तहत तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा 14 सितंबर 2022 को पत्रांक-1762 के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल बिहारशरीफ को पत्र भेजा गया था। इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि नगर परिषद, नगर निगम और नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा से आठ किलोमीटर के दायरे में स्थित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को कार्यपालक अभियंता द्वारा जारी दूरी प्रमाण पत्र के आधार पर ही एचआर (आवास भत्ता) का भुगतान किया जाएगा। इसके बावजूद आरोप है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जिले के हजारों शिक्षकों को 7.5 प्रतिशत और 10 प्रतिशत की दर से आवास भत्ता का भुगतान कर दिया गया। इतना ही नहीं, एक ही विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को अलग-अलग दर से भत्ता मिलने की बात भी सामने आई है, जिससे शिक्षकों में असंतोष बढ़ गया है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार की अनियमितता से जिले में जानबूझकर वित्तीय संकट की स्थिति उत्पन्न कर दी गई है, जिसके कारण कई जरूरतमंद शिक्षकों को समय पर भुगतान नहीं मिल सका। उन्होंने सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, बिहार सरकार, अपर मुख्य सचिव (शिक्षा एवं वित्त विभाग), निदेशक माध्यमिक शिक्षा, निदेशक प्राथमिक शिक्षा, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो तथा आर्थिक अपराध इकाई को भी भेजी गई है।

## केंद्रीय विद्यालय हरनौत में नामांकन के लिए प्रोविजनल सूची जारी

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार स्थित सडिमका परिसर में संचालित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा दो से आगे की कक्षाओं में नामांकन हेतु प्रोविजनल सूची सोमवार को जारी कर दी गई। विद्यालय प्रशासन द्वारा यह सूची स्कूल परिसर में चस्पा की गई, जिसे देखने के लिए अभिभावकों और छात्रों की भीड़ जुटी रही।

विद्यालय के प्राचार्य सीबी कुमार ने बताया कि एडमिशन कमिटी, लॉटरी कमिटी, प्राचार्य और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से यह प्रोविजनल सूची जारी की गई है। इस सूची में कक्षा दो, तीन, चार और छह में वेटिंग सहित 11 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। वहीं कक्षा पांच में वेटिंग सहित 9, कक्षा सात में 14 और कक्षा आठ में वेटिंग सहित 12 छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि कक्षा दो, तीन और छह में कुल छह रिक्तियां हैं, जबकि कक्षा चार, सात और आठ में सात रिक्तियां उपलब्ध हैं। वहीं कक्षा पांच में केवल चार सीटें रिक्त हैं। इन सीटों के लिए विद्यालय द्वारा पूर्व में ऑफलाइन आवेदन लिया गया था।



प्राचार्य ने बताया कि चयनित छात्र-छात्राओं का नामांकन 15 अप्रैल से 20 अप्रैल तक किया जाएगा। नामांकन की प्रक्रिया प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्यालय परिसर में पूरी की जाएगी।

सूची जारी होने के बाद अभिभावक अपने बच्चों के आवेदन फॉर्म की रिसिविंग के आधार पर सूची में नाम की पुष्टि करते हुए जानकारी प्राप्त करते नजर आए। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से निर्धारित तिथि के भीतर नामांकन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है

## छात्रा काजल हत्याकांड में 15 दिन बाद भी आरोपी फरार

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय क्षेत्र में 17 वर्षीय छात्रा काजल कुमारी की हत्या के मामले में घटना के 15 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। आरोपी अब तक गिरफ्तारी से बाहर है, जिससे परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

बताया जाता है कि बीते 27 मार्च की सुबह करीब साढ़े नौ बजे काजल कुमारी की उसके कमरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने देशी कट्टे से उसके सिर में गोली मार दी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय छात्रा घर में अकेली थी जबकि उसकी मां और भाई इलाज के लिए अहमदाबाद गए हुए थे।हत्या की यह वारदात इतनी सनसनीखेज थी कि आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद हथियार भी कमरे में ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से बरामद साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर ली है, लेकिन अब तक उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह मामला प्रेम प्रसंग और एकतरफा सनक से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। संदिग्ध युवक बेलछी थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है, जो छात्रा के साथ पढ़ाई कर चुका था।

# चेरो सूर्य मंदिर परिसर में तीन दिवसीय मानव धर्मशास्त्र कथा भंडारे के साथ संपन्न, दस हजार श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के चेरो ओपी थाना के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-20 किनारे स्थित चेरो सूर्य मंदिर तालाब परिसर में आयोजित तीन दिवसीय नारायण पीठ पर मानव धर्मशास्त्र कथा सोमवार को विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गई। अंतिम दिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आसपास के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

कथा के अंतिम दिन कथावाचक संत देवराज नागर तथा भजन गायक सत्यजीत जैन ने मधुर भजनों और प्रवचन से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में राजस्थान के बाड़मेर से आई संगीत मंडली ने भी भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान अवधूत देवीदास सेवा संस्थान के सहयोग से चेरो गांव में लाखों रुपये की लागत से बने नवनिर्मित महिला संस्कार स्नानागार का उद्घाटन संस्थान के ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी रमाकांत वर्मन की पत्नी श्रीमती विनीता वर्मन ने फीता काटकर किया।रमाकांत वर्मन ने बताया कि नारायणी धाम अलवर (राजस्थान) की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के पहले दिन 1101 महिला श्रद्धालुओं और कन्याओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकालकर कथा का शुभारंभ किया गया था। दूसरे दिन श्रद्धालुओं के बीच वस्त्र वितरण किया गया। तीसरे दिन विशेष आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें चेरो, खरुआरा, बिरजू मिल्की, द्वारिका बीघा, कल्याण बीघा, तीरा, उखाड़ा और बामोचक समेत आसपास के दर्जनों गांवों से आए लगभग दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पूरी, बुंदिया और सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया।

उन्होंने बताया कि गुरु अवधूत देवीदास महाराज के परमशिष्य अवधूत लक्ष्मी नारायण द्वारा रचित 'मानव धर्मशास्त्र' का उद्देश्य मानवता, प्रेम, सौहार्द और शांति का संदेश फैलाना है।

मौके पर मंदिर के पुजारी सुदामा बाबा, संस्थान के चेयरमैन विनोद कुमार सिंह, पूर्व मुखिया राम भगवान यादव, विजय सिंह, नीतीश कुमार, सतीश प्रसाद, दुलार्चन यादव, दानी यादव, धर्मेंद्र जय हिंद, हिरदेश, अशोक, राजेश, रामजोत, धुरी, विर्जन, विकास, मनोज, कैलू समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# डौरा गांव में भीषण अगलगी, सात बीघा गेहूं की फसल जलकर राख



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। खोदागंज थाना क्षेत्र के बौरी डीह पंचायत अंतर्गत डौरा गांव में भीषण अगलगी की घटना में लगभग सात बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार आग अचानक खेतों में फैल गई और देखते ही देखते आसपास की फसलों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि ग्रामीणों में दहशतफैल गई। सूचना मिलने के बाद अग्निशमन दस्ता मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।अगलगी की इस घटना में करीब तीन लाख रुपये मूल्य की फसल के नुकसान की बात कही जा रही है। पीड़ित किसान महेंद्र रावत ने बताया कि पास के खेत में बचे हुए अवशेष को जलाने के कारण आग फैल गई और देखते ही देखते उनकी पूरी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई।घटना के बाद किसान महेंद्र रावत का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से घटना की जांच कर पीड़ित किसान को उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

# बलभद्रसरया गांव में झोपड़ी में लगी भीषण आग, चार बकरियां जिंदा जलीं



हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा थाना क्षेत्र के कावा पंचायत अंतर्गत बलभद्रसरया गांव में सोमवार की सुबह एक झोपड़ी नुमा घर में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी झोपड़ी उसकी चपेट में आ गई। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई और आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार इस आगलगी की घटना में गांव निवासी रमेशर नट को भारी नुकसान उठाना पड़ा। आग की चपेट में आने से उनकी चार बकरियां झुलसकर मौके पर ही मर गईं। बताया जाता है कि बकरियां झोपड़ी के अंदर बंधी हुई थीं, जिसके कारण उन्हें बाहर निकालने का मौका नहीं मिल सका।

आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बाल्टी, पानी और अन्य साधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा सामान और पशुधन पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुका था।

हालांकि आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। ग्रामीणों के बीच शॉर्ट सर्किट, चूल्हे की चिंगारी या किसी अन्य कारण को लेकर अलग-अलग तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं।

घटना के बाद पीड़ित रमेशर नट का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि बकरियां ही उनके परिवार के जीविकोपार्जन का मुख्य साधन थीं। पीड़ित ने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने भी प्रशासन से घटना की जांच कर पीड़ित परिवार को जल्द राहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# संत पंकज महाराज ने दिया शाकाहार, सदाचार और नशामुक्त जीवन का संदेश





पटना (अपना नालंदा)। परम संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज इन दिनों बिहार में 67 दिवसीय शाकाहार, सदाचार एवं मद्यनिषेध जनजागरण यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। यह यात्रा 8 मार्च से शुरू हुई है और विभिन्न जिलों में सत्संग के माध्यम से लोगों को नैतिक जीवन का संदेश दिया जा रहा है।

यात्रा का 39वां पड़ाव सोमवार की शाम प्रखंड संपतचक के ग्राम रामपुर (सोहगी) में पड़ा, जहां स्थानीय लोगों ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया। मंगलवार को आयोजित सत्संग में संत पंकज जी महाराज ने कहा कि सत्संग मन, बुद्धि और अंतःकरण की मैल को दूर करता है। सत्संग के माध्यम से ही मनुष्य के भीतर विवेक जागृत होता है और उसे आत्मा और परमात्मा के मिलन का मार्ग मिलता है।उन्होंने कहा कि सत्संग केवल गाने-बजाने का नाम नहीं, बल्कि संतों के सान्निध्य में रहकर जीवन को सही दिशा देना ही सच्चा सत्संग है। उन्होंने बाबा जयगुरुदेव जी महाराज की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए लोगों से शाकाहारी, नशामुक्त और सदाचारपूर्ण जीवन अपनाने की अपील की।संत पंकज जी महाराज ने कहा कि हिंसा, मांसाहार और नशे जैसी बुराइयों के कारण समाज में अशांति और संकट बढ़ रहा है। इसलिए समय रहते लोगों को अपने खानपान और जीवनशैली में सुधार करना चाहिए।

इस दौरान उन्होंने 17 से 21 मई तक उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारा सत्संग मेले में आने का आमंत्रण भी दिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुनील कुमार, आयोजक सुधीर कुमार, मास्टर राजकमल, सुरेंद्र राय, अनुज कुमार, भगत जी और सुखराम यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




## अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
## अपने व्यवसाय को दे नई पहचान

# नालन्दा की जनता की आवाज

*अपने क्षेत्र की खबर भेजने*
*ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।*

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251